**सफलता** | 60 लाख का सोना बरामद, लूटा गया रहा 14 किलो 800 ग्राम गोल्ड

## बैंक डकैती : एक और आरोपी बिहार से गिरफ्तार

**जबलपुर।** खितौला स्थित इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक में हुई डकैती के मामले में पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने एक और आरोपी को बिहार से गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से करीब 60 लाख का सोना (350 ग्राम) बरामद किया गया है।

एएसपी क्राइम जितेन्द्र सिंह ने कंट्रोल रूम में खुलासा करते हुए बताया कि 11 अगस्त 2025 को 5 हथियारबंद डकैतों ने खितौला स्थित इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक में घुसकर कट्टे की नोंक पर 14 किलो 800 ग्राम सोने के जेवरात और लगभग 5 लाख रुपए लूटे थे। डीएसपी क्राइम ब्रांच उदयभान बागरी, उप पुलिस अधीक्षक सायबर सेल अंजुल अयंक मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खितौला थाना प्रभारी चंद्रकांत झा के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच, एवं थाना पुलिस टीम ने 15 जुलाई 2026 को डकैती के मुख्य सूत्रधार सुनील पासवान पिता नरेश पासवान, निवासी ग्राम बनाही, थाना आमस, जिला गया, बिहार को धर दबोचा था। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया। कड़ाई से की गई पूछताछ में सुनील पासवान ने अपना जुर्म कबूल किया और बताया कि लूटे गए सोने का एक हिस्सा उसने अपने साथी छोटू उर्फ सरमन महतो के पास सुरक्षित रखा था, जिसे वे धीरे-धीरे बाजार में खपा रहे थे। मुख्य आरोपी की निशानदेही पर खितौला पुलिस ने एसटीएफ बिहार के सहयोग से सह-आरोपी छोटू उर्फ सरमन महतो 23 वर्ष, पिता राजकुमार प्रसाद, निवासी ग्राम मयरा, थाना इमामगंज, जिला गया, बिहार को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी सरमन महतो के कब्जे से करीब 350 ग्राम सोने के कीमती जेवरात बरामद किए, जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 60 लाख रुपये आंकी गई है।





### डकैती की रकम से संपति, वाहन खरीदें, होगी कुर्की

मामले की जांच, पूछताछ में अहम जानकारियां पुलिस को हाथ लगी है। बचे हुए सोनें से आरोपियों ने संपत्ति, वाहन खरीदा है। 107 बीएनएस के तहत आगे की कार्रवाई चल रही है। आपराधिक गतिविधियों से अर्जित संपत्ति की कुर्की और जब्ती की तैयारी है।

### सात किलो गोल्ड, 14 अपराधी पकड़ाए

अंतर्राज्यीय बैंक डकैती में सरगना और उसके अन्य 13 साथियों को अब तकनीकी सहायता से बिहार एवं मध्यप्रदेश से पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है।

### पिस्टल भी जब्त, मददगारों पर भी होगी कार्रवाई

मुख्य आरोपी सुनील पासवान ने पूछताछ में बताया कि वारदात में प्रयुक्त हथियार उसने अपने गांव बनाही में शिव मंदिर के पास एक खेत में छिपाकर रखा था, जिसे पुलिस ने उसकी निशानदेही पर बरामद कर लिया। इसकेसाथ ही डकैती में मद्दगारों को भी पुलिस चिन्हित कर रही है। जैसे जैसे जांच का दायरा बढ़ रहा है वैसे वैसे कार्रवाई भी आगे बढ़ रही है। मद्दगारों पर भी कार्रवाई होगी।

## सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**जबलपुर।** रेल संचालन में सर्वोच्च सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेलवे बोर्ड के महानिदेशक (संरक्षा) हितेंद्र मल्होत्रा ने सोमवार को कार्यकारी निदेशक संरक्षा (सिविल) राहुल श्रीवास्तव एवं पश्चिम मध्य रेल के प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी मनोज गुरुमुखी के साथ जबलपुर रेल मंडल का उच्चस्तरीय संरक्षा निरीक्षण किया।

इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा, अपर मंडल रेल प्रबंधक दिनेश कुमार कलामे, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी अमित कुमार साहनी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण का उद्देश्य रेल परिचालन से जुड़ी सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा कर उन्हें और अधिक सुदृढ़ बनाना था।

निरीक्षण दल ने क्रू लॉबी में लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजर की कार्य परिस्थितियों तथा अनिवार्य ब्रेथ एनालाइजर जांच का अवलोकन किया। इसके अलावा आरआरआई (रूट रिले इंटरलॉकिंग) में सिग्नलिंग एवं संरक्षा प्रणालियों, कोचिंग डिपो में कोचों के तकनीकी रखरखाव, स्वच्छता और ब्रेक सिस्टम तथा पीडब्ल्यूआई डिपो में ट्रैक रखरखाव के लिए उपलब्ध उपकरणों एवं संसाधनों की गहन समीक्षा की। अधिकारियों ने जबलपुर यार्ड का भी निरीक्षण कर शंटिंग प्रक्रिया और पटरियों की स्थिति का प्रत्यक्ष जायजा लिया।



### जारी किए गए दिशा निर्देश

निरीक्षण के दौरान महानिदेशक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने संरक्षा कर्मचारियों से संवाद कर सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने उपलब्ध व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए संरक्षा मानकों को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना भारतीय रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य से समय-समय पर ऐसे उच्चस्तरीय निरीक्षण किए जाते हैं।

## एक नजर में

### श्रीमद्भागवत कथा में सुनाया गया श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह प्रसंग

**नवभारत, जबलपुर।** श्री गीता धाम, गौरीघाट में गुरु पूर्णिमा महोत्सव में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के षष्ठ दिवस पर परम पूज्य जगद्गुरु डॉ. स्वामी नृसिंहदेवाचार्य महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति, प्रेम और समर्पण का संदेश दिया। स्वामी ने श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग का अत्यंत मार्मिक एवं रसपूर्ण वर्णन करते हुए बताया कि रुक्मिणी का भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अटूट विश्वास और निष्काम प्रेम प्रत्येक साधक के लिए आदर्श है। स्वामी ने कहा कि जब जीव पूर्ण श्रद्धा और समर्पण के साथ भगवान को अपना सर्वस्व मान लेता है, तब स्वयं भगवान उसकी रक्षा एवं उद्धार करते हैं। स्वामी ने श्रद्धालुओं से अपने जीवन में भगवान के नाम-स्मरण, सत्संग और सेवा को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. स्वामी मुकुन्ददास महाराज, जगद्गुरु स्वामीराजारामाचार्य महाराज, वासुदेव शास्त्री, हनुमान दास, राममिलन साहू, श्रीराम पांडेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### नशे से दूरी है ज़रूरी, छात्राओं व नागरिकों को किया जागरूक

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' जनजागरूकता अभियान के तहत थाना जीआरपी जबलपुर पुलिस ने सोमवार को छात्रावास एवं धार्मिक स्थलों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान छात्राओं एवं आम नागरिकों से संवाद कर उन्हें नशे के दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ परिवार और समाज को भी नशामुक्त बनाने का संदेश देते हुए युवाओं को नशे की गिरफ्त में आने से बचाने की अपील की। कार्यक्रम में नागरिकों से अवैध नशीले पदार्थों के कारोबार या गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया गया। उपस्थित लोगों ने नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प भी लिया।

## डंडों से पीट-पीटकर युवक की हत्या

**नवभारत, जबलपुर।** बरगी थाना अंतर्गत ग्राम मनखेड़ी में पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में एक युवक की डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौका-ए-वारदात पर पहुंच गई और हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। बरगी थाना प्रभारी नीलेश दोहरे ने बताया कि हेमा बाई उईके 55 वर्ष निवासी रेता मोहल्ला ग्राम मनकेडी का बेटा अशोक उईके 27 वर्ष लगभग 4 माह पूर्व गॉव के विमल उर्फ पंडा नेताम से एक मोटर सायकिल सीडी डीलक्स 9500 रूपये में गिरवी रखी थी, गाडी रखने विमल उर्फपंण्डा नेताम के लडके दिनेश व लाल नेताम आये थे।



रूपये चुकान के बाद गाडी ले जाने की बात हुई थी। लगभग 7 दिन पहले उसके बेटे को दिनेश व लालू ने 10 हजार रूपये देकर मोटर सायकिल लेकर चले गये थे ब्याज नहीं दिये थे। शनिवार रात 10 बजे अशोक उईके ब्याज का पैसा लेने दिनेश व लालू नेताम के घर गया था।

अशोक, दीपू गौड के घर के सामने पहुंचा तभी दिनेश नेताम व लालू नेताम दोनों अशोक पर डंडे से हमला करने लगे। दिनेश व लालू ने जान से मारने की नीयत से डण्डे से ताड़तोड़ हमला कर अशोक की हत्या कर दी और भाग गए। सूचना मिलने पर पुलिस बल मौके पर पहुँची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी पुलिस ने दोनों आरोपी भाइयों, लालू नेताम और दिनेश नेताम की तलाश शुरू कर दी है।

## 50 लोगों को नशामुक्त कर बस से किया मैहर रवाना, युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान

**नवभारत, जबलपुर।** जिला प्रशासन एवं पुलिस द्वारा संचालित नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के तहत सोमवार को रामपुर छापर स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के सभागार में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के 50 लोगों को नशामुक्त कर बस द्वारा मैहर रवाना किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों, नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का सामूहिक संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह थे। इस



मौके पर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पल्लवी शुक्ला, सीएसपी श्री नागौतिया, समाजसेवी एवं विराट हॉस्पिस कैंसर हॉस्पिटल की संस्थापक ज्ञानेश्वरी दीदी सहित पुलिस अधिकारी, छात्र.छात्राएं एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### नशे से मुक्ति दृढ़ संकल्प से मिलती है नशे से मुक्तिः राकेश सिंह

इस दौरान लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि नशे से मुक्ति किसी बंधन से नहीं बल्कि दृढ़ संकल्प से मिलती है। यदि प्रत्येक युवा स्वयं नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इससे बचाने का संकल्प ले तो समाज में बड़ा परिवर्तन संभव है। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार और पुलिस का उद्देश्य केवल अभियान चलाना नहीं बल्कि युवाओं का भविष्य सुरक्षित करना है। इस दौरान कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कहा कि नशा किसी भी समाज के लिए घातक है और सशक्त समाज के निर्माण के लिए नशामुक्ति आवश्यक है। वहीं पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने कहा कि जबलपुर पुलिस नशे के विरुद्ध ''जीरो टॉलरेंस'' की नीति पर कार्य कर रही है और ''नशे से दूरी, है ज़रूरी 2.0'' अभियान इसी संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने का प्रभावी माध्यम है।

## राष्ट्रीय-राज्य मार्गों के किनारे निर्माण कार्यों में तय सुरक्षा दूरी का पालन

▶ कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक संपन्न

**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समयसीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का विभागवार विश्लेषण तैयार किया गया है। जिसमें अधिकारियों को शिकायतों का गंभीरता से अध्ययन कर उनके मूल कारणों की पहचान करते हुए सुधारात्मक कार्यवाही करनी होगी। बैठक में समग्र 2.0 पोर्टल



पर मैपिंग और समग्र ई.केवाईसी की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि पीएम किसान भुगतान, अवैध अतिक्रमण, नामांतरण और सीमांकन से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के तहत शेष बल्क वेस्ट जनरेटर संस्थानों जैसे होटल, अस्पताल, सोसायटी आदि का रजिस्ट्रेशन शीघ्र पूरा करने, साइट निरीक्षण कर जानकारी पोर्टल पर दर्ज कराने के निर्देश भी दिए।

### इन मुद्दों पर भी मंथन

बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा में कलेक्टर ने अपात्र हितग्राहियों के नाम सूची से हटाने की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही हाईवे सेफ्टी टास्क फोर्स की भी समीक्षा की गई। राष्ट्रीय और राज्य मार्गों के किनारे निर्माण कार्यों में तय सुरक्षा दूरी का पालन करने भी कलेक्टर ने निर्देश जारी किए। इस दौरान कलेक्टर ने न्यायालय से जुड़े लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए पाटन में न्यायालय कार्यालय के लिए भूमि उपलब्ध कराने, न्यायिक अधिकारियों के आवास तथा अन्य लंबित मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## युवक पर चाकू से हमला

**नवभारत, जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत गांधी व्यायाम शाला के पास बदमाश ने युवक चाकू से हमला कर चोट पहुंचा दी ।

पुलिस के मुताबिक शैलेन्द्र चौधरी 21 वर्ष निवासी गांधी व्यायाम शाला के पास रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राउण्ड जा रहा था जैसे ही सुशील के घर के सामने रोड पर पहुंचा वहां पर अविनाश मेहतो शराब पी रहा था जो उसे देखकर उससे शराब पीने के लिये 200 रूपये मांगने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो चाकू से हमलाकर चोट पहुँचा दी। जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।



## मॉडिफाइड साइलेंसर, ब्लैक फिल्म और बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों पर कार्रवाई

**नवभारत , जबलपुर ।** शहर में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से ट्रैफिक थाना घमापुर एवं डुमना चौकी द्वारा संयुक्त रूप से वाहन जांच अभियान चलाया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें नियमों के पालन के प्रति जागरूक भी किया। डुमना रोड पर तेज रफ्तार से वाहन चलाने वाले बाइकर्स, ब्लैक फिल्म लगी चारपहिया गाड़ियां, बिना नंबर प्लेट वाले वाहन और मॉडिफाइड साइलेंसर लगी मोटरसाइकिलों की गहन जांच की गई। अभियान के दौरान हेलमेट नहीं पहनकर वाहन चला रहे 67 वाहन चालकों के चालान बनाए गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हेलमेट का उपयोग केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि सड़क दुर्घटना के दौरान जीवन की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। कई वाहन चालकों को मौके पर ही यातायात नियमों की जानकारी देते हुए भविष्य में नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी गई। कार्रवाई के दौरान ट्रैफिक थाना प्रभारी शशि धुर्वे, सूबेदार रोहित तिवारी, एएसआई सत्यप्रकाश सचान, एएसआई अजय चौबे, डुमना चौकी प्रभारी एसआई संध्या तिवारी सहित ट्रैफिक थाना घमापुर एवं डुमना चौकी का पुलिस बल उपस्थित रहा।

## शिक्षकों को क्रमोन्नति वेतनमान देने की उठी मांग

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ, जबलपुर ने संभाग के शिक्षकों को क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ न मिलने पर गहरा असंतोष जताया है। इस संबंध में संघ के जिला सचिव ने बताया कि मध्यप्रदेश के अधिकांश संभागों में माध्यमिक शिक्षक से उच्च माध्यमिक पदोन्नत शिक्षकों को 24 वर्षीय द्वितीय क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ प्रदान किया जा चुका है, किंतु जबलपुर संभाग के शिक्षकों को आयुक्त, शिक्षा संचालनालय भोपाल से केवल मार्गदर्शन प्राप्त नहीं होने का आधार बताकर लाभ से वंचित रखा जा रहा है। उच्च न्यायालय द्वारा आदेश पारित होने के बाद भी उसका प्रभावी पालन संयुक्त संचालक शिक्षा जबलपुर द्वारा नहीं किया जा रहा है, जिसे समानता के संवैधानिक सिद्धांत के विरुद्ध माना जा रहा है। इसी सिलसिले में संघ के अटल उपाध्याय, देवेन्द्र पचौरी, आलोक अग्निहोत्री, बृजेश मिश्रा, रजनीश पांडेय, अजय दुबे, के जी पाठक, श्याम सुंदर तिवारी पाठक, नरेश शुक्ला, प्रशांत सोंधिया, दिलीप यादव, पंकज जायसवाल, योगेश कपूर, पितोष तारे, सतीश देशमुख, राकेश ठाकुर और देवेन्द्र दाहिया ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, प्रमुख सचिव एवं आयुक्त लोक शिक्षण से मांग की है कि जबलपुर संभाग के पात्र शिक्षकों को बिना किसी विलंब के लाभ प्रदान कर प्रदेशभर में एक समान नीति लागू की जाए।

## जबलपुर को उपराजधानी बनाने की मांग

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर से छीनी गईं संस्थाओं की संख्या में एमयू का बड़ा हिस्से की और डेयरी साइंस कॉलेज की जबलपुर से शिफ्टिंग जुड़ गई है। दिनों दिन यह संख्या बढ़ने से जनता में भारी आक्रोश फैला हुआ है। अब इसकी भरपाई जबलपुर को उपराजधानी का दर्जा देकर की जाये, यह मांग उठी है। सोमवार को जनसंगठनों की हुई बैठक में डॉ. पी. जी. नाजपांडे ने बताया कि 'जबलपुर को उपराजधानी बनाओ ', इस मुद्दे पर हुए बड़े आंदोलन से जबलपुर की उपेक्षा पर अंकुश लगा था, लेकिन यह आंदोलन बाद में ठप्प पड़ने से राज्य सरकार द्वारा जबलपुर की अनदेखी बढ़ गई। फलस्वरूप यहां से संस्थाओं का शिफ्टिंग फिर से शुरू हो गई है। विधानसभा सचिवालय द्वारा 20 जुलाई को म.प्र. राजपत्र में प्रकाशित विधेयक से स्पष्ट हो गया है की उज्जैन एमयू धन्वंतरि के नाम से कहलाया जायेगा। लेकिन जबलपुर मेडिकल यूनिवर्सिटी को बगैर नाम का रखकर यह केवल स्वास्थ्य विवि के नाम से कहलाया जायेगा। बैठक में रजत भार्गव, टी. के. रायघटक, सुभाष चंद्रा, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे, वेदप्रकाश अधौलिया, डी. के. सिंग, संतोष श्रीवास्तव, मनीष शर्मा, पी.एस. राजपूत, के. पी. सोनी, व्ही. एन. कमलकर, एड. घनश्याम सोनकर, एड. प्रशांत साहू आदि उपस्थित थे।

## मानस भवन रोड पर दुर्घटना को आमंत्रण देता गड्ढा

▶ पत्ते लगाकर दिया गया संकेत

**जबलपुर।** शहर के व्यस्त बस स्टैंड से मानस भवन रोड पर सड़क के बीच बना गहरा गड्ढा राहगीरों और वाहन चालकों के लिए बड़ा खतरा बन गया है। गड्ढे के आसपास सड़क के पत्थर उखड़ चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक बेखबर बना हुआ है।

दुर्घटना से बचाने के लिए किसी जागरूक नागरिक ने गड्ढे में पेड़ की टहनियां और पत्ते रख दिए हैं, ताकि दूर से आने वाले वाहन चालक सतर्क हो सकें। यह केवल अस्थायी व्यवस्था है और रात के समय या तेज रफ्तार में यह किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।यह क्षेत्र स्पेयर पार्ट्स और वाहन मरम्मत की दुकानों के साथ



शहर के सबसे व्यस्त और भीड़भाड़ वाले ट्रैफिक मार्गों में शामिल है। दिनभर यहां से बड़ी संख्या में दोपहिया, चारपहिया वाहन, ऑटो और पैदल राहगीरों की आवाजाही रहती है। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत और गड्ढे को भरने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और नगर निगम से मांग की है कि किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार करने के बजाय तत्काल गड्ढे की मरम्मत कर सड़क को सुरक्षित बनाया जाए, ताकि लोगों की जान जोखिम में न पड़े।



## दिव्यांग बच्चे रक्षाबंधन के लिए बना रहे राखियां

**नवभारत, जबलपुर।** हर साल की तरह इस साल भी रक्षाबंधन के लिए विकलांग सेवा भारती, स्नेह नगर के मानसिक मंद छात्र-छात्राएं अपने हाथों से राखियां बना रहे है। इस मौके पर प्राचार्य राकेश शर्मा ने बताया कि रेशम के धागों व अन्य चीजों से हस्तनिर्मित राखियां बनाई जा रही हैं, जिससे बच्चे स्वावलंबन और आत्मनिर्भर बन सकें। इन राखियों को बेचने के लिए निजी एवं सरकारी स्कूल और कॉलेज में स्टाल लगाए जाएंगे। इन स्टालों में हर साल लोग बड़ी संख्या में इन दिव्यांग बच्चों की बनाई राखियां खरीदते हैं और उनके कार्यों की सराहना भी करते हैं।

**लापरवाही** | सैकड़ों लीटर पानी भी हो रहा बर्बाद

## निगम के टैंकरों में खुले ढक्कनों से दूषित हो रहा पेयजल




**जबलपुर।** शहर में पेयजल आपूर्ति के लिए नगर निगम द्वारा संचालित कई पानी के टैंकर लोगों की सेहत के लिए चिंता का कारण बनते जा रहे हैं। टैंकरों के ऊपर लगे ढक्कन ठीक से बंद नहीं होने के कारण परिवहन के दौरान धूल, मिट्टी और अन्य अशुद्धियां सीधे पानी में गिर रही हैं। ऐसे में लोगों तक पहुंचने वाला पेयजल दूषित होने की आशंका बनी हुई है, जिससे जलजनित बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है।

इतना ही नहीं, कई टैंकरों से रास्ते भर शुद्ध पेयजल का लगातार रिसाव भी देखा जा रहा है। इससे प्रतिदिन सैकड़ों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है।

एक ओर शहर में जल संरक्षण और हर बूंद बचाने की अपील की जा रही है, वहीं दूसरी ओर निगम की लापरवाही के कारण बहुमूल्य पेयजल सड़कों पर बर्बाद हो रहा है।

### नियमित हो टैंकरों की जांच

नागरिकों का कहना है कि निगम को टैंकरों की नियमित जांच और मरम्मत सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि लोगों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचे और पानी की अनावश्यक बर्बादी भी रोकी जा सके। अब सवाल यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर लापरवाही पर कब कार्रवाई करेंगे और पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे।